भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1728
उत्तर दिनांक 30/07/2025 को दिया गया

परमाणु ऊर्जा उत्पादन योजनाएँ

1728. श्री शफी परम्बिल

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश के कुल ऊर्जा उत्पादन में परमाणु ऊर्जा का वर्तमान में कितने प्रतिशत का योगदान है;

(ख) क्या सरकार की आगामी वर्षों में परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में निजी निवेश को आकर्षित करने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्तमान में, देश के कुल विद्युत उत्पादन में नाभिकीय ऊर्जा की हिस्सेदारी लगभग 3% है।

(ख) व (ग) हां। सरकार ने वर्ष 2047 तक नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 100 गीगावाट तक प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ एक महत्वाकांक्षी नाभिकीय ऊर्जा मिशन की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने एसएमआर एवं नई प्रगत प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के उपायों की भी घोषणा की है। यह लक्ष्य मौजूदा और विकासाधीन नई उन्नत प्रौद्योगिकियों पर आधारित रिएक्टरों की स्थापना के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। इस संदर्भ में, सरकार ने नाभिकीय ऊर्जा में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की बड़े पैमाने पर भागीदारी सक्षम बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

*****